घर-घर तिरंगा अभियान

जनता कॉलेज बकेवर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजन में तिरंगा फेरी घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत झंडा वितरण रैली निकालकर समस्त स्टाफ एवं सेवा योजन के छात्रों द्वारा अमृत महोत्सव की प्रासंगिकता को जीवंत किया गया |

अमृत महोत्सव श्रंखला में आजादी के 75 वे वर्ष में समस्त जनमानस में जन जागरण करने के उद्देश्य से बकेवर नगर की गलियों में निवासित समुदाय के मध्य तिरंगा वितरण का उत्साहिक कार्य जनता कॉलेज बकेवर द्वारा किया गया | रैली में जनमानस द्वारा पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान वितरण करके कॉलेज परिवार के सदस्यों का अभिनंदन किया गया , श्री मनोज दीक्षित ,जिलाध्यक्ष विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ ने अपने निवास पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया , रैली का समापन थाना बकेवर में उपस्थित थानाध्यक्ष महोदय एवं समस्त पुलिसकर्मियों को झंडा वितरित करके किया गया | रैली का नेतृत्व जनता कॉलेज बकेवर के यशस्वी प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी द्वारा किया गया , राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ मनोज यादव द्वारा रैली का आयोजन किया गया ,जिसमें सर्वश्री डॉ. एम.पी. सिंह ,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ.दिब्यज्योति मिश्र, डॉ.प्रकाश दुबे, अमर सिंह ,कुलदीप अवस्थी, गजेंद्र सिंह सेंगर , अविनाश तिवारी ,सुनील कुमार शुक्ला, देवश चतुर्वेदी मनोज दीक्षित, अनुज कठेरिया , अजय कुमार शर्मा, अश्वनी कुमार मिश्र, आकाश चौधरी मोहम्मद राशिद ,शमशुल हसन ,आदि की महत्वपूर्ण उपस्थिति एवं सहयोग रहा, प्राचार्य डॉ त्रिपाठी ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

मैं भी छू सकती हूँ आकाश
मौके की है मुझे तलाश।